**NEWS CLIPPING: 13.09.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को करेगा सम्मानित

फरीदाबाद, 12 सितम्बर (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा अपने स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जेसी विश्वविद्यालय जोकि वर्ष 1969 में एक इंडो-जर्मन डिप्लोमा संस्थान के रूप में अस्तित्व में आया था और पहले वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के रूप में जाना जाता था, वर्ष 2009 में राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के स्तर पर अपग्रेड कर दिया गया था। 16 सितम्बर को अपना 52वां स्थापना दिवस और 12वां विश्वविद्यालय दिवस मनाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए, कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की उत्कृष्ट उपलब्धि तथा सेवाओं को मान्यता देने की परंपरा रही है। विश्वविद्यालय ने हाल ही में संस्थान के रूप में अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं और वर्ष 2019 को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया है। विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिनमें विभिन्न राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा विभिन्न मानदंडों पर मान्यता, अनुसंधान एवं शैक्षणिक विकास और ढांचागत विकास शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस इन उपलब्धियों को मनाने और भावी योजनाओं मंथन करने का दिन है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लखविंदर सिंह ने कहा कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा कई गतिविधियां आयोजित करने की योजना है। कोरोना महामारी के कारण सभी गतिविधियां डिजिटल मोड में आयोजित होंगी। हालांकि, इस अवसर पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) और सामाजिक दूरी का पालन करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में एक छोटा सा समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें सीमित संख्या में विश्वविद्यालय के कर्मचारी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्य अतिथि होंगे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) करण सिंह यादव, वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के पूर्व निदेशक-प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार अरोड़ा और पूर्व कुलसचिव डॉ. शिमला इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि होंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार करेंगे।

**विश्वविद्यालय 16 सितम्बर को मनाएगा स्थापना दिवस**

### स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए आदर्श रोल मॉडल

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विवेकानंद मंच द्वारा 'विश्व बंधुत्व दिवस' के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्व बंधुत्व दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद द्वारा अमेरिका के शिकागो में 1893 को विश्व सर्वधर्म सभा में दिए गए यादगार भाषण की स्मृति में किया जाता है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार मुख्य व्यक्ता रहे तथा उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन मूल्यो तथा आदर्शों की वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिकता से युवा पीढ़ी को अवगत करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवा पीढ़ी के लिए आदर्श है और युवाओं को उनके जीवन प्रेरणा लेनी चाहिए। विवेकानंद मंच के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न सामाजिक सरोकार की गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंच की वेबसाइट का अनावरण भी इस दौरान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की विषय-वस्तु पर लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। लेखन प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्राची ने पहला, अनुराग ने दूसरा और जेसी बोस विश्वविद्यालय के अभिषेक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जेसी बोस विश्वविद्यालय की मानसी ने पहला, मार्गरीटा कॉलेज की निहारिका ने दूसरा और दिल्ली विश्वविद्यालय की रीना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


पंजाब केसरी ई-पेपर

Sun,13 September 2020

Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 13.09.2020**

**THE PIONEER**

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए रोल मॉडल

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच द्वारा 'विश्व बंधुत्व दिवस' के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्व बंधुत्व दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद द्वारा अमेरिका के शिकागो में 1893 को विश्व सर्वधर्म सभा में दिए गए यादगार भाषण की स्मृति में किया जाता है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार मुख्य व्यक्ता रहे तथा उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन मूल्यों तथा आदर्शों की वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिकता से युवा पीढ़ी को अवगत करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवा पीढ़ी के लिए आदर्श है और युवाओं को उनके जीवन प्रेरणा लेनी चाहिए। विवेकानंद मंच के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न सामाजिक सरोकार की गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंच की वेबसाइट का अनावरण भी इस दौरान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की विषय-वस्तु पर लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

**NEWS CLIPPING: 13.09.2020**

**HINDUSTAN**

# पुराने कर्मचारियों को सम्मान देंगे

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की ओर से स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

जेसी विश्वविद्यालय वर्ष 1969 में एक इंडो-जर्मन डिप्लोमा संस्थान के रूप में अस्तित्व में आया था और यह पहले वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के रूप में जाना जाता था। वर्ष 2009 में राज्य सरकार ने इसे विश्वविद्यालय के स्तर पर अपग्रेड किया और 16 सितंबर को संस्थान अपना 52वां स्थापना दिवस और 12वां विश्वविद्यालय दिवस मनाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की कर्मचारियों की उत्कृष्ट उपलब्धि तथा सेवाओं को सम्मान देने की योजना है। विश्वविद्यालय ने हाल ही में संस्थान के रूप में अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं।

## स्थापना दिवस

- जेसी बोस विज्ञान विश्वविद्यालय 16 को स्थापना दिवस मनाएगा
- अधिकांश कार्यक्रम ऑनलाइन ही आयोजित किए जाएंगे

डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लखविंदर सिंह ने कहा कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय कई गतिविधियां आयोजित करेगा। सभी गतिविधियां डिजिटल मोड में आयोजित होंगी। हालांकि, इस अवसर पर सरकार द्वारा निर्धारित एसओपी और उचित दूरी का पालन करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में एक समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें सीमित संख्या में विश्वविद्यालय के कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

स्थापना दिवस समारोह में दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) करण सिंह यादव, वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के पूर्व निदेशक-प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार अरोड़ा और पूर्व कुलसचिव डॉ. शिमला विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

**NEWS CLIPPING: 13.09.2020**

## TOP STORY

# Swami Vivekananda is an ideal Role Model for Youth: Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar

TSN/Chandigarh: Presiding over a program, Vice Chancellor of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA , Prof. Dinesh Kumar said that Swami Vivekananda is the youth icon in India and his life is an ideal role model for the younger generation. The younger generation should take inspiration from his life, he added.

The Vivekananda Manch of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad organized an online seminar on the occasion of 'Universal Brotherhood Day' commemorate the historic speech delivered by great Indian thinker Swami Vivekananda in Chicago, USA in 1893.

Senior social activist Vijay Kumar was the keynote speaker in this program and made the young generation aware of the relevance of values, teachings and philosophy of Swami Vivekananda in the present scenario.

A website of Vivekananda Manch was also launched during the program which aims to promote social activities being carried out by the Manch.

A competition of Article Writing and Poster Making on the theme of the program was also organized in which Prachi from Delhi University won first prize in Article Writing competition. Anurag and Abhishek from J.C. Bose University got second and third positions, respectively. Similarly, Mansi from J.C. Bose University got the first position while Niharika from Margarita College and Reena from Delhi University secured second and third positions, respectively.

The University, which came into existence in 1969 as an Indo-German diploma Institute famously known as YMCA Institute of Engineering and upgraded to the level of University in the year 2009, will celebrate its 52nd Foundation Day and 12th University Day on September 16, 2020. On the Foundation Day, University will felicitate its silver jubilee employees who have completed 25 years of service with the University.

While giving information to this effect, the Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar said that the University has a long and cherished tradition of recognizing its employees for outstanding merit and years of service. The University has recently completed its 50 years as an Institution and celebrated the year 2019 as Golden Jubilee Year. The University has achieved many milestones during the last couple of years which include recognition and accreditation by various national agencies, recruitment of new staff, academic growth, and infrastructural development. Foundation Day is an important occasion to celebrate these achievements and a day to introspect the present status of the institute and plan for the future, he added.

Dean Student Welfare Dr. Lakhwinder Singh told that the University has lined up a series of activities to mark the occasion. Due to Covid-19 Pandemic, all the activities will be held in digital mode. However, a small function will be organized in the University premise with limited gathering by maintaining social distancing and Standard Operating Procedure (SOP) norms as prescribed by the Government.

Vice Chancellor of Delhi Technological University Prof. Yogesh Singh will be the Chief Guest in the Foundation Day ceremony. The former Vice Chancellor Dr. Lt. Gen. (Retd.) Karan Singh Yadava, the former Director-Principal of erstwhile YMCA Institute of Engineering Dr. Ashok Kumar Arora and former Registrar Dr. (Mrs) Shimla will be the Guests of honour in the program which will be presided over by Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar, he added.


**NEWS CLIPPING: 13.09.2020**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि करेगा कर्मचारियों का सम्मान

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय 16 सितंबर को संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मचारियों का सम्मान करेगा। इस दौरान 25 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि जेसी बोस विवि वर्ष 1969 में एक इंडो-जर्मन डिप्लोमा संस्थान के रूप में अस्तित्व में आया था।

वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के रूप में संस्थान की शुरूआत हुई थी। वर्ष 2009 में राज्य सरकार ने इसे विवि के रूप में प्रोन्नत किया। इस वर्ष संस्थान 52वां स्थापना दिवस और विवि 12वां वार्षिक उत्सव मनाएगा। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लखविंदर सिंह ने बताया कि कोरोना संबंधी दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सभी गतिविधियां डिजिटल मोड में आयोजित होंगी। इस अवसर पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के बीच समारोह भी आयोजित होगा। ब्यूरो




**25 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को किया जाएगा सम्मानित**

**NEWS CLIPPING: 13.09.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# भावी इंजीनियर्स के लिए बढ़ रहा है गणित का महत्वः कुलपति प्रो. दिनेश

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार से वैज्ञानिक कम्प्यूटिंग विषय पर एक सप्ताह की कार्यशाला शुरू हुई। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के 500 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में आईआईटी कानपुर से पदमश्री पुरस्कार विजेता प्रो. मनिंदर अग्रवाल मुख्य वक्ता थे। जबकि सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान कुलपति ने भविष्य के इंजीनियरों के लिए गणित के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहाकि तेजी से उभरती प्रौद्योगिकी में गणित का उपयोग काफी बढ़ गया है। इसके लिए इंजीनियर्स को गणित के क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनानी होगी।

**NEWS CLIPPING: 13.09.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के विवेकानंद मंच की तरफ से विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्व बंधुत्व दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद द्वारा अमेरिका के शिकागो में 1893 को विश्व सर्वधर्म सभा में दिए गए यादगार भाषण की स्मृति में किया जाता है। इसमें विजय कुमार, प्रफेसर दिनेश कुमार आदि शामिल हुए।